भारत सरकार
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1720**
दिनांक 16 दिसम्बर, 2022 को उत्तर के लिए

**आंगनवाड़ी प्रणाली**

**1720. श्री कोमती रेड्डी वेंकट रेड्डी:**
**श्री मन्ने श्रीनिवास रेड्डी:**

क्या **महिला और बाल विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:

(क) क्या सरकार का आंगनवाड़ी प्रणाली के माध्यम से छह वर्ष से कम आयु के सभी बच्चों को उनके स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा की आवश्यकता को समर्थन देने का विचार है यदि हां, तो तेलंगाना और आंध्र प्रदेश सहित तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा और वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ख) क्या इस तथ्य के बावजूद कि देश भर की आंगनवाड़ियों में 70 प्रतिशत से अधिक बच्चों का नामांकन हुआ है परन्तु उन सभी में बच्चों की उपस्थिति कम है क्योंकि माता-पिता आंगनवाड़ी केंद्रों को शिक्षा के केंद्र के रूप में नहीं देखते हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं तथा इस संबंध में सरकार द्वारा क्या सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**

**श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी** **महिला एवं बाल विकास मंत्री**

(क) छह वर्ष से कम आयु के बच्चों के साथ ही गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं की स्वास्थ्य, पोषण और शैक्षिक जरूरतों में सहयोग करने के लिए, आंगनवाड़ी सेवाएं देश भर में आंगनवाड़ी केंद्रों के मंच के माध्यम से छह सेवाओं अर्थात् (i) पूरक पोषाहार; (ii) प्री-स्कूल अनौपचारिक शिक्षा; (iii) पोषण और स्वास्थ्य शिक्षा; (iv) टीकाकरण; (v) स्वास्थ्य जांच; और (vi) रेफरल सेवाओं का पैकेज प्रदान कर रही हैं।

तीन सेवाएं अर्थात टीकाकरण, स्वास्थ्य जांच और रेफरल सेवाएं स्वास्थ्य से संबंधित हैं और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) और सार्वजनिक स्वास्थ्य अवसंरचना के माध्यम से प्रदान की जाती हैं।

सेवाएं सभी पात्र लाभार्थियों को प्रदान की जाती हैं जिन्होंने बिना किसी सीमा के आंगनवाड़ी केंद्रों में अपना पंजीकरण कराया है और प्रदान की जाने वाली पोषण और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने के लिए जनता में आवश्यक जागरूकता पैदा की जाती है। लाभार्थियों की संख्या दर्शाने वाला राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण **अनुलग्नक I** में दिया गया है।

(ख) प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा (ईसीसीई) आंगनवाड़ी सेवाएं स्कीम के तहत देश भर में स्थित आंगनवाड़ी केंद्रों (एडब्ल्यूसी) के माध्यम से लाभार्थियों को प्रदान की जाने वाली छह मुफ्त सेवाओं में से एक है। सभी आंगनवाड़ियों में ईसीसीई के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए, खेल-आधारित, अनुभवात्मक और बाल-अनुकूल दृष्टिकोण के माध्यम से बच्चों के समग्र विकास में सहयोग करने के लिए सभी आंगनवाड़ी केंद्रों को प्री-स्कूल शिक्षा किट, गतिविधि पुस्तकें और मूल्यांकन कार्ड प्रदान किए जाते हैं।

3 से 6 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए आयु अनुकूल पाठ्यक्रम की सिफारिश करने के लिए मंत्रालय द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है। पाठ्यक्रम प्रारंभिक प्रेरण (0-3 वर्ष) और प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा (ईसीसीई) (3-6 वर्ष) पर केंद्रित है।

इसके अलावा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत, ईसीसीई तक सार्वभौमिक पहुंच के लिए, सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में, सीखने के समृद्ध वातावरण के लिए आंगनवाड़ी केंद्रों के सुदृढ़ीकरण, उच्च-गुणवत्ता वाले बुनियादी ढांचे, खेल के उपकरण और अच्छी तरह प्रशिक्षित आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों सहित ईसीसीई की शुरूआत करने का प्रावधान है। सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 के तहत, शिक्षा विकास कार्यक्रमों के साथ अभिसरण में इंटरनेट/वाईफाई कनेक्टिविटी, एलईडी स्क्रीन, और स्मार्ट लर्निंग एड्स, ऑडियो-विजुअल एड्स

और बच्चे के अनुकूल शिक्षण उपकरणों से सुदृढ़ और उन्नत बनाया जाएगा। वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए 40,000 आंगनवाड़ी केंद्रों का चयन किया गया है।

*****

<u>अनुलग्नक-I</u>

**आंगनवाड़ी प्रणाली के संबंध में श्री कोमती रेड्डी वेंकट रेड्डी और श्री मन्ने श्रीनिवास रेड्डी द्वारा 16.12.2022 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1720 के भाग (क) से संदर्भित विवरण:**

**आंगनवाड़ी सेवाओं के तहत 30.06.2022 तक एसएनपी और पीएसई लाभार्थियों का विवरण**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | पूरक पोषण के लाभार्थी | | | | | प्री-स्कूल शिक्षा के लाभार्थी | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | बच्चे (6 माह से 3 वर्ष) | बच्चे (3 से 6 वर्ष) | कुल बच्चे (6 माह से 6 वर्ष) | गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताएं | कुल लाभार्थी (6 माह से 6 वर्ष के बच्चे और पीएंडएलएम ) | लड़के (3 से 6 वर्ष) | लड़कियां (3 से 6 वर्ष) | कुल (3 से 6 वर्ष) |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 1575581 | 897735 | 2473316 | 691631 | 3164947 | 452954 | 444781 | 897735 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 70887 | 75322 | 146209 | 18511 | 164720 | 38048 | 37274 | 75322 |
| 3 | असम | 1504072 | 1716760 | 3220832 | 595935 | 3816767 | 921522 | 753973 | 1675495 |
| 4 | बिहार | 4840793 | 4324600 | 9165393 | 1923614 | 11089007 | 2248792 | 2075808 | 4324600 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 1029905 | 915132 | 1945037 | 427884 | 2372921 | 448967 | 450657 | 899624 |
| 6 | गोवा* | 37152 | 22218 | 59370 | 12845 | 72215 | 0 | 0 | 0 |
| 7 | गुजरात | 1714281 | 1555071 | 3269352 | 673039 | 3942391 | 779735 | 745988 | 1525723 |
| 8 | हरियाणा | 657435 | 322499 | 979934 | 302013 | 1281947 | 161761 | 160738 | 322499 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 234531 | 119855 | 354386 | 93117 | 447503 | 36930 | 36658 | 73588 |
| 10 | झारखंड | 1620673 | 1208532 | 2829205 | 712185 | 3541390 | 667285 | 649197 | 1316482 |
| 11 | कर्नाटक | 2083686 | 1572655 | 3656341 | 685618 | 4341959 | 795300 | 777355 | 1572655 |
| 12 | केरल | 478256 | 354496 | 832752 | 343864 | 1176616 | 180220 | 174276 | 354496 |
| 13 | मध्य प्रदेश | 2844488 | 3058399 | 5902887 | 1135127 | 7038014 | 1432176 | 1409211 | 2841387 |
| 14 | महाराष्ट्र | 3047944 | 3069225 | 6117169 | 1197374 | 7314543 | 1441238 | 1530054 | 2971292 |
| 15 | मणिपुर | 148886 | 183005 | 331891 | 55239 | 387130 | 92318 | 90165 | 182483 |
| 16 | मेघालय | 214309 | 252691 | 467000 | 74223 | 541223 | 115887 | 112637 | 228524 |
| 17 | मिजोरम | 54174 | 46860 | 101034 | 20960 | 121994 | 20218 | 20050 | 40268 |
| 18 | नागालैंड | 188212 | 180831 | 369043 | 41324 | 410367 | 87601 | 85866 | 173467 |
| 19 | ओडिशा | 1632449 | 1743629 | 3376078 | 636767 | 4012845 | 935562 | 908067 | 1843629 |
| 20 | पंजाब | 616513 | 282587 | 899100 | 256886 | 1155986 | 148785 | 139712 | 288497 |
| 21 | राजस्थान | 2252076 | 1488690 | 3740766 | 1118558 | 4859324 | 759232 | 729458 | 1488690 |
| 22 | सिक्किम | 10130 | 7495 | 17625 | 4268 | 21893 | 3799 | 3696 | 7495 |
| 23 | तमिलनाडु | 1907303 | 764421 | 2671724 | 726975 | 3398699 | 386400 | 374263 | 760663 |
| 24 | तेलंगाना | 1017581 | 549128 | 1566709 | 384131 | 1950840 | 270564 | 265992 | 536556 |
| 25 | त्रिपुरा | 144443 | 182600 | 327043 | 56218 | 383261 | 91975 | 90625 | 182600 |
| 26 | उत्तर प्रदेश | 8482468 | 5255516 | 13737984 | 3997398 | 17735382 | 2550878 | 2397644 | 4948522 |
| 27 | उत्तराखंड | 309717 | 125778 | 435495 | 141817 | 577312 | 117089 | 115824 | 232913 |
| 28 | पश्चिम बंगाल* | 3496415 | 3395021 | 6891436 | 1428254 | 8319690 | 0 | 0 | 0 |
| 29 | अंडमान व निकोबार द्वीपसमूह | 9489 | 4637 | 14126 | 2903 | 17029 | 2379 | 2258 | 4637 |
| 30 | चंडीगढ़ | 22491 | 10863 | 33354 | 8762 | 42116 | 5536 | 5327 | 10863 |
| 31 | दादरा व नगर हवेली और दमन व दीव | 15469 | 10990 | 26459 | 8556 | 35015 | 5567 | 5423 | 10990 |
| 32 | दिल्ली | 361944 | 178824 | 540768 | 130225 | 670993 | 88346 | 85170 | 173516 |
| 33 | जम्मू व कश्मीर | 293354 | 251557 | 544911 | 117502 | 662413 | 172468 | 165504 | 337972 |
| 34 | लद्दाख | 9139 | 8477 | 17616 | 3172 | 20788 | 4266 | 4211 | 8477 |
| 35 | लक्षद्वीप | 2819 | 1063 | 3882 | 1053 | 4935 | 520 | 543 | 1063 |
| 36 | पुदुच्चेरी | 26833 | 4528 | 31361 | 9480 | 40841 | 2300 | 2228 | 4528 |
| | **योग** | **42955898** | **34141690** | **77097588** | **18037428** | **95135016** | **15466618** | **14850633** | **30317251** |

*कोविड-19 के चलते आंगनवाड़ी केंद्र प्री-स्कूल शिक्षा नहीं चला सके

*****